(27)

# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग
### सकारण आदेश

सकारण आदेश संख्या–14/अ0प्र0–14–08/2026 4348 /पटना, दिनांक– 8.4.26

संवेदक Madhurendra Kishor Tiwary (Reg. No. 1240182), Add:- S/O Ganesh Tiwary,Vill/P.O-Chandwa, Bhojpur,Bihar, Pincode: 802312 को कार्य प्रमंडल, सीतामढ़ी के अधीन MMGSUY योजनान्तर्गत 1. Bhagwanpur se Bhorha tak (Anhari Math) 2. Khairwa Se Chainpur 3. Madhia Hanuman Nagar se Parsha Moar पथ का निर्माण कार्य आवंटित किया गया। एकरारनामा संख्याः–SBD03/2024-25 के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि 31.07.2024 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 30.07.2025 था।

उक्त पथ में निर्धारित अवधि व्यतीत हो जाने के बाद भी संवेदक द्वारा उक्त पथ का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया गया। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सीतामढ़ी द्वारा उक्त पथ का निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु कई बार नोटिस दिया गया परन्तु संवेदक द्वारा पथ का निर्माण कार्य पूर्ण करने में कोई अभिरूचि नहीं ली गई।

तद्‌लोक में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सीतामढ़ी के पत्रांक 2430 दिनांक 26.11.2025 द्वारा संदर्भित पथ के एकरारनामा को विखंडित करते हुए संवेदक के निबंधन को कालीसूची में सम्मिलित किये जाने हेतु उचित माध्यम से अनुशंसा उपलब्ध करायी गयी।

उक्त अनुशसां के आलोक में विभागीय पत्रांक 670 अनु0 दिनांक 16.01.2026 द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित किये जाने हेतु निदेशित किया गया।

संवेदक द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण के आलोक में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सीतामढ़ी के पत्रांक 507 दिनांक 18.03.2026 द्वारा उल्लेखित किया गया है कि 1. Bhagwanpur se Bhorha tak (Anhari Math) :- उक्त पथ की लम्बाई–4.305 कि0मी0 है, जिसमें पथ निर्माण हेतु काई कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है। पत्र द्वारा बार–बार सूचित करने के बावजूद भी काई रूची नहीं दिया गया, उक्त पथ में Material Stock नहीं किया गया है साथ ही उक्त पथ निर्माण हेतु पूर्व से आवंटन प्राप्त है। परन्तु उक्त पथ में किसी प्रकार का भुगतान नहीं हुआ है।

2. Khairwa Se Chainpur:- उक्त पथ की लम्बाई–3.940 कि0मी0 है, जिसमें संवेदक के द्वारा पथ निर्माण कार्य को अधूरा छोड़ दिया गया है एवं पत्र के माध्यम से बार–बार कार्य को पूर्ण करने हेतु अवगत कराया गया जिनके बावजूद आज तक कोई रूची नहीं लिया गया है।

3. Madhia Hanuman Nagar se Parsha Moar (Agreement No. SBD03/2024-25):- उक्त पथ की लम्बाई–4.610 कि0मी0 है, जिसमें संवेदक के द्वारा पथ निर्माण कार्य को अधूरा छोड़ दिया गया है एवं पत्र के माध्यम से बार–बार कार्य को पूर्ण करने हेतु अवगत कराया गया जिनके बावजूद आज तक कोई रूची नहीं लिया गया है।

संदर्भित पथों में वर्त्तमान में कोई भी Material Stock नहीं है एवं कार्य का कोई Activity नहीं है। जिसे प्रतित होता है कि कार्य को पूर्ण करने हेतु संवेदक द्वारा कोई अभिरूची नहीं ली गयी।

इससे स्पष्ट है कि संदर्भित पथों का निर्माण कार्य ससमय नहीं किया जाना, संवेदक Madhurendra Kishor Tiwary (Reg. No. 1240182) पूर्णतः दोषी है।

(26)

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में विभागीय समीक्षोपरान्त बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) की अधिसूचना संख्या–8123 दिनांक 19.12.2007 की कंडिका 11(क) (vi) एवं 11 (ख) (ii) के आलोक में संवेदक Madhurendra Kishor Tiwary (Reg. No. 1240182), Add:- S/O Ganesh Tiwary,Vill/P.O-Chandwa, Bhojpur, Bihar, Pincode: 802312 के निबंधन संख्या:– 1240182, PAN No.AGBPT8656J को अगले 03 (तीन) वर्षों के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

08.04.26

(जय किशोर ठाकुर)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–08/2026 4348 /पटना, दिनांक– 8.4.26

निबंधित

प्रतिलिपि– संवेदक Madhurendra Kishor Tiwary (Reg. No. 1240182), Add:- S/O Ganesh Tiwary,Vill/P.O-Chandwa, Bhojpur, Bihar, Pincode: 802312 को सूचनार्थ प्रेषित।

08.04.26
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–08/2026 4348 /पटना, दिनांक– 8.4.26

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव/सचिव/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधान विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/ नगर विकास विभाग/उर्जा विभाग/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/ सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियता/सभी कार्यपालक अभियंता/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

08.04.26
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–08/2026 4348 /पटना, दिनांक–8.4.26

प्रतिलिपि– सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

08.04.26
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–08/2026 4348 /पटना, दिनांक– 8.4.26

प्रतिलिपि– नोडल पदाधिकारी, निबंधन, ग्रामीण कार्य विभाग/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

08.04.26
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–08/2026 4348 /पटना, दिनांक– 8.4.26

Website

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है इस पत्र को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करा दिया जाय।

08.04.26
अभियंता प्रमुख